उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

बिना लाइसेंस चलाये जा रहे मेडिकल स्टोर स्वामी के गोदाम पर छापा।



तीन पेटी कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद कर औषधि निरीक्षक ने की कार्रवाई। संवाददाता हर्ष राठी जवां: सोमवार को थानाध्यक्ष जवां रेखा गोस्वामी को मुखबिर ने सूचना दी कि बरौली नगर के ही एक मेडिकल स्टोर स्वामी द्वारा कोडीन युक्त कफ़सिरप के माध्यम से नशे का कारोबार किया जा रहा है जिसपर उन्होंने बरौली पहुंचकर मेडिकल स्टोर स्वामी को बुलाकर रामलीला मैदान के समीप शिव मंदिर के किराए के कमरे में संचालित गोदाम पर छापा मारा एवं तीन पेटी कोडिंग कफ सिरप कुल 353 सिरप बरामद कर मेडिकल स्टोर स्वामी के आदमी को गोदाम के कमरे में ही बंद कर औषधि निरीक्षक दीपक लोधी को सूचना दी जिस पर औषधि निरीक्षक मौके पर पहुंच गए एवं आगे की कार्यवाही अमल में लाई गई औषधि निरीक्षक व जवां पुलिस के संयुक्त प्रयास से मेडिकल स्टोर स्वामी व जप्त कफ सिरप को थाने लाया गया जहां औषधि निरीक्षक द्वारा मामले के संबंध में मुकदमे से संबंधित फर्द तैयार कर 349 कफ सिरप सीज किये एवं चार कफ सिरप का सैंपल भरकर लेबोरेटरी भेजा गया औषधि निरीक्षक दीपक लोधी ने मेडिकल स्टोर संचालक देवी शरण कुशवाह पुत्र फूल सिंह निवासी बरौली के खिलाफ धारा 18 / 27 में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

एक नज़र में

ब्रज को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : नवीन पूनिया।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

ब्रज को स्वच्छ रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : नवीन पूनिया।



राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम के कोच ने अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ मिलकर गिरिराज तलहटी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का किया प्रयास। संवाददाता खुशांत गुप्ता मथुरा। ब्रज की पावन धरा एवं श्रीगिरिराज गोवर्धन की तलहटी को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से शनिवार को अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं श्री नवीन पूनिया जी द्वारा गठित जन उदय विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के 'संकल्प से सेवा' अभियान की भावना के अनुरूप आयोजित इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत गोविंद कुंड स्थित मनोहर बाबा की गौशाला से जतीपुरा तक गिरिराज तलहटी में स्वच्छता सेवा की गई।